A NEWS LETTER OF MAITREE SAMOOH

October to December, 2003

# Chirping Sparrow

मैत्री समूह

## IN SIDE

- Noble Activities
- Feelings
- Samadhan
- Art of Living

Maitree Samooh wishes all of our readers a very happy, peaceful and prosperous life.

## Our Readers,

Mere knowledge is not the meaning of education. The meaning of education is self-realization. Education is such a knowledge, which transforms the life. Education is the knowledge that not only enhances our information but also changes our life style. If we know that greed or anger is an evil, our greed or anger should at least reduce. The real benchmark of knowledge is its reflection in conduct.

Presently, the term education has become merely a synonym of a system that facilitates material prosperity. The basic aim of education is to learn wisdom not only trade character & technicalities. A person is an engineer, a doctor or a businessman; each possessing skills. However, mere skills do not provide the real bliss of life but definitely provide same material gains. It is not that the doctors, engineers or businessmen are not required. They are all necessary and every one of them has their own utility whereas it will be our folly to consider these as an art of living. The education should inculcate simple and sympathetic values in our personality; then only it will really be a successful life.

For fulfilment of this pious objective and for better interactions, we have commenced the publication of a newsletter – "Chirping Sparrow".

If you take a step towards equiping yourself with good qualities and spread message of goodwill, then it would be the real achievement of this publication.

**– Maitree Samooh**

Award-Ceremony-2003



## MAITREE SAMOOH

- Maitree Samooh is a group of compassionate friends.
- Maitree Samooh is a federation of Jain Association to Integrate Noble Activities (JAINA).
- Each member has full faith in Jain religion and philosophy and performs essential activities like daily Dev-darshan, taking vegetarian diet before sun-set, refraining from all seven vices etc.

## OBJECTIVES

1. To enlighten the practical and scientific approach of Jain religion, philosophy and spiritual conscience.
2. To nurture Jain students' abilities to bring out their maximum potential and strength.
3. To promote Indian culture and values and yet to maintain global outlook.
4. To inspire meritorious Jain students for higher education by certain activities i.e. Carrer guidance, giving scholarships conferring Young Jaina Award etc.
5. To induce Jain students for daily Dev-darshan, taking vegetarian diet before sun-set etc. and to help them in such activities.

Four Issues of this News Letter are Proposed to be Published in Jan., April, July & Oct. of each year.



# Noble Activities


### All India Young Jaina Award – An Award of Talent

There is some or the other latent quality in each one of us. To understand that latent quality and to focus on that is the talent. One's own efforts along with motivations, such as awards, praise etc. are effective in that direction.

The Young Jaina Award is one such motivation. The main objective of this award is to inculcate our cultural and moral values along with higher studies. This award may encourage the young students to strive for continuous development and making their lives better through social recognition and acceptance of their talent.

With the blessings of Munishri Kshamasagarji – true descipile of Acharya Shri Vidyasagarji – this Young Jaina Award was first instituted in the year 2001 at Shivpuri (M.P.) on the auspicious occasion of the 2600th birth anniversary of Bhagwan Mahavir.

In the first ceremony organized at Shivpuri (M.P.), 224 students securing 75% and more marks in Class XII were felicitated by the Young Jaina Award-2001. Shri Yogendra Jain of Nagpur (Maharashtra) secured the



Ms. Pooja Jain (Kota) Receiving Award for selection in IIT (Roorkee)

first position with 93.5% marks. Dr. Sunita Jain, Professor, Indian Institute of Technology (IIT), Delhi was the Chief Guest in the function.


In the second function held at Jaipur, in all 1050 Jain students with 75% and more marks in Class X and Class XII were given Young Jaina Award-2002. This number included 200 such students who could make their selection in IIT, CPET/PET and CPMT/PMT. Shri Dhiraj Jain of Pondichery with 95.91% marks in all the State level Boards for XII Class examination and Shri Darshak Shah, Gujarat with 92.8% marks in XII class examination of CBSE got the first position. Shri Ujjawal Vijay Mahatme of Nagpur (Maharashtra) with 96.66% marks in the X Class in all states level Boards and Shri Aviral Jain of Nagpur (Maharashtra) with 96.4% marks in the X Class CBSE examination got the first positions.



Ms. Anthima Kasliwal (Pondichery) Receiving Award for First Position (XII-Science)

The only girl Jain student selected for IIT-JEE, Ku. Priyanka Jain was felicitated for her rare achievement. Smt. Saryu Daftari, renowned Industrialist and social worker of Mumbai was the Chief Guest.

In the third ceremony held at Ramganjmandi (Kota-Raj.), in all 1025 students were given Young Jaina Award-2003. This included 231 students securing 85% and more marks in Class X, 574 students securing 75% and more marks in Class XII and 88 and 132 students as special and additional awardees respectively. Shri Chinmay Kothari, Jaipur (Raj.) with 96.8% marks in X Class secured the first position. Ku. Anthima Kasliwal (Pondichery) with 96.5% marks in XII Class Science, Ku. Namrata Nirmal of



Ms. Preeti Sanghi (Jaipur) Senior Awardee receiving second time Award

Bangalore with 95.0% marks in XII Class – Commerce, Ku. Shashi Jain of Khanpur (Raj.) with 86.0% marks in Class XII - Arts got first positions. Ku. Pooja Jain, Kota (Raj.) was selected for admission in IIT in the first attempt. All these were specially awarded for their rare distinctions. Retired Professor (Dr.) Sunita Jain of IIT, Delhi was the Chief Guest for this function.

During this function, Jain Quiz was also organized and 16 students with 100% marks were given the award for Jain Quiz. About 300 students were given "Certificate of Honour" in appreciation of their adherence for daily Dev-darshan and for taking meals only in day time. Almost all participants pledged for leading vice-free life.

About 100 economically weak Jain students were awarded scholarship for their higher studies.



Mr. Kushagra Jain (Indore) National Award holder in Sport and 90% Marks in XII (CBSC)



Munishree's Ahar-chariya with students

It was heartening to see the young participants - about 500 in member - taking part in the Ahar Charya of Munishri, all clad in prescribed religious attire.

All the students participated beneficially in career counselling held during the third award function at Ramganjmandi. They actively participated in this counselling and interacted with the senior bureaucrats, industrialists and senior professionals from various fields.

## Special Achievements



**Dr. SUBHA SINGHAI**
M.B.B.S. (Gold Medal)
M.G.M. College, Indore



**ANAND AHERKAR (JAIN)**
World Record Holder
Diploma in Field Engg.
1st Youngest in the World
Age : 11 Year 77 Days

Microsoft Certified Professional
Microsoft Certified System Engineer
3rd Youngest in the World - Age : 12 Years 87 Days

CISCO Certified Networking Associate
2nd Youngest in the World - Age : 12 Years 214 Days

CISCO Certified Networking Professional
1st Youngest in the World - Age : 13 Years 172 Days

Completed Course CISCO Secure Pix Firewall Advanced

## Chief-Guest (YJA-2003)



**( डॉ. ) सुनीता जैन**

शिक्षा : एम.ए. (अंग्रेजी), स्टेट यूनिवर्सिटी न्यूयार्क; पी-एच.डी. यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रासका, अमरीका से।
प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष (अवकाश-प्राप्त), मानविकी ए समाजविज्ञान विभाग, इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली।

सम्मान : अमेरिका में 'मैरी सैण्डोज प्रैरिक स्कूनर पुरस्कार' तथ 'रोलैण्ड अवार्ड' व कविता के लिए 'निराला नामित' तथ 'प्रभा खेतान' पुरस्कार से सम्मानित। हिंदी अकादमी, दिल्ल से साहित्यकार सम्मान। साहित्य भूषण इत्यादि।

रचनाएँ : सन् 1973 से 1998 के बीच लिखी और 23 काव्य-संग्रह में बिखरी संपूर्ण कविताएँ '**यहीं कहीं पर**' शीर्षक से ती खंडों में प्रकाशित। प्रतिनिधि कविताओं का संकलन—'**छाय कहीं बड़ी है**'। गद्य में लिखा तमाम साहित्य '**संपूण कहानियाँ**' और '**संपूर्ण उपन्यास**' के रूप में दो जिल्दों म संकलित। अंग्रेजी-हिन्दी में 60 से अधिक पुस्तकें।

संप्रति : ''इन्दिरा गाँधी फेलोशिप'' के तहत भारत के कवि चित्रकार पर पुस्तक लिख रही हैं।

## Statewise Awardees

**(YJA-2003)**

**State 18**



| | |
|---|---|
| 422 | Madhya Pradesh |
| 353 | Rajasthan |
| 54 | Uttar Pradesh |
| 52 | Maharashtra |
| 37 | Gujarat |
| 20 | Tamilnadu |
| 18 | Chhatisgarh |
| 15 | Delhi |
| 15 | Jharkhand |
| 12 | Karnataka |
| 7 | Hariyana |
| 4 | Pondichery |
| 4 | Bihar |
| 4 | Assam |
| 3 | West Bengal |
| 2 | A.P. |
| 1 | Orissa |
| **1025** | **Total** |

# Feelings

## Feelings of Senior Counsellors

- ''इस आयोजन की भव्यता इसकी सादगी और सहजता थी। हर व्यक्ति अपनी-अपनी जगह स्थिर और आश्वस्त था। मुनिश्री बच्चों के लिए सतत प्रस्तुत थे। कहीं कोई हड़बड़ी नहीं कि कोई 'बड़ा' राजनेता आने वाला है। न भगदड़, न छोटा न कोई बड़ा। ऐसे आयोजन को मैं बच्चों के चरित्र-निर्माण में बहुत महत्त्वपूर्ण मानती हूँ। अन्यथा आज के बच्चे तो स्कूलों के जलसों तक में किसी तथाकथित राजनेता या पॉलिटिकल हस्ती को झेलने को मजबूर हैं। हमारा समाज इतना असहाय और दीन न हो कि दूसरों की अनुकम्पा पर चले—मुनिश्री का सबसे बड़ा संदेश भी यही था। हम समर्थ हैं अपना कार्य—जो भी जिसका है—करते हैं।''

  **डॉ. सुनीता जैन,** मुख्य अतिथि

- परम वंदनीय जैन मुनि क्षमासागरजी की प्रेरणा से रामगंजमण्डी में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को यंग जैना अवार्ड से सम्मानित करने का आयोजन धार्मिक ही नहीं अपितु राष्ट्रीय-विकास में योगदान का महत्त्वपूर्ण कदम कहा जाना चाहिए। उनका यह कार्य वंदनीय है। वर्ष 2020 में सुशिक्षित भारतीय विद्यार्थियों से विकसित देश बनाए जाने का जो राष्ट्रीय-सपना सँजोया गया है उस सन्दर्भ में मुनिश्री का योगदान अतुलनीय माना जाएगा। मुनिश्री हजारों विद्यार्थियों को धार्मिक संस्कारों से सुसज्जित होकर केरियर की ऊँची डगर पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन दे रहे हैं - यह बड़ी उपलब्धि है।

  **डॉ. जयन्तीलाल भण्डारी,** डी.लिट्.
  शिक्षाविद एवं केरियर-मार्गदर्शक
  इन्दौर (म.प्र.)

- रामगंजमण्डी में किशोर प्रतिभाओं से चर्चा करते हुए मैंने पाया कि वे प्रमुदित उत्तेजना से भरी थीं। उन्हें एक ऐसे वीतरागी मुनि का विरल सान्निध्य मिल रहा था, जिसके मन-मस्तिष्क में उनके विकास को लेकर सक्रिय रुचि थी। वे उनसे बात कर सकती थीं, अपनी समस्याएँ बता सकती थीं और समाधानों पर उनसे व्यक्तिश: चर्चा कर सकती थीं। प्रतिभाएँ यह आकांक्षा व्यक्त करते मिलीं कि मुनिश्री से उनका आगे भी सतत सम्वाद बना रह सके।

  प्रतिभाएँ धर्म से जुड़ने को उत्सुक थीं। वे उत्साहित थीं, मुनिश्री से यह ज्ञान प्राप्त कर, कि सांसारिक सहजता और जैन-जीवन में फासलें नहीं हैं। न केवल फासले नहीं हैं, अपितु उनका सामंजस्य जीवन का उन्नयन कर, उसे अधिक जीने योग्य और सार्थक बना सकता है।

  किशोर प्रतिभाएँ अपनी उपलब्धियों से जहाँ एक ओर सन्तुष्ट मिलीं, वहीं दूसरी ओर अपने भविष्य को लेकर अनिश्चय में भी। ज्ञान-विज्ञान के विशेषज्ञों एवं विशाल बहुमुखी समवयस्क समुदाय से हुए संवादों ने, उनमें आत्म-विश्वास विकसित किया और स्वयं के विषय में, नया सोच आन्दोलित किया।

  **प्रोफेसर ( डॉ. ) सरोजकुमार,** एम.ए., एलएल.बी., पीएच.डी.
  प्राध्यापक, मनीषी कवि, यशस्वी सम्पादक, इन्दौर (म.प्र.)

- ''इस समारोह में बच्चों के साथ बिताए वे क्षण अविस्मरणीय हैं। बच्चों के बुद्धिमत्तापूर्ण प्रश्नों की झड़ी, उनका उत्साह, अद्भुत जिज्ञासा और उत्तर पाकर उनके चेहरों की शान्ति/आनन्द भूले नहीं भूलता। मेरी तो यही अभिलाषा है कि आगे और अधिक समय मिले इनके साथ बिताने को।''

  **वाई. के. जैन**
  डिप्टी चीफ इंजीनियर, वेस्टर्न रेलवे, मुम्बई

- The idea of a structural interaction, which was tried out at Ramganjmandi certainly was an improvement over the Jaipur function. But in my opinion, the interaction sessions need to be anchored by professional career counselors, who are more in tune with the immediate concern of young students. What interests children passing out from high schools and higher secondary schools matters like career options available to them and the nitty gritty of competitive examinations which they may have to face in the near future.

  **K.K. Jaiswal,** IAS
  Secretary, Government of India, New Delhi

- "My experience in YJA 2003 was very good. I feel very proud of being 'Jain' in this function. My interaction with young jains (future Bose, Raman, Aryabhatt etc.) take me fifteen year back, when I was also in the same situation as these students.

  But unlikely I was not so lucky because I had no such guide or teacher like Guruji.

  I can assure if I had met Guruji during my study period, I could perform much better."
  **Dr. Manish Jain,** MBBS, MS
  Meerut (UP)

- My interaction with the participants of the Young Jaina Award-2003 was an unique and inspiring experience. It was thrilling to see that almost all the students–both boys and girls–were eager to know future job opportunities & prospects in India & abroad in their selected study areas. They were also interested to know as to how they can maintain moral values while studying away from their homes. I wish that in the future Young Jaina Awards, this session be given immense importance & more numbers of experienced individuals be invited to make more groups to guide the awardees.
  **P.L. Benara,** B.E. (Mech.)
  Benara Bearings & Pistons Ltd., Agra

- Congratulations to Maitree Samooh for bringing forth such well organized programme. I feel great pride to be associated with Y.J.A. It was an opportunity to meet and interact with 500 aspiring youngsters who were bubbling with enthusiasm and zeal for growth in the right direction.

  The senstivity and unconditional flow of love with the few verses from Munishri overwhelmed everyone and captured my heart. This goes without saying that his presence made the event unforgetable and cherishable for one & all.

  **Ms. Surbhi Sethi,** B.Sc. (Microbiology & Pharmacy)
  Expert in Pranic Healing and Arhatic Yogi

## Feelings of Senior Awardee

- I really do not have words to express my intense happiness on this occasion. Since the time we got down at Ramganjmandi, till the time we departed, there was a feeling of great pleasure great prestige and above all great pride. I know that in future I can not receive so much attention, love and affection shown by the people there but still one hope is there in my heart that I would become a part of the program, a part of the team, again in my life.

  Encouragement like this should be given always to students to work harder and harder in their life to achieve such acclaimation.

  I received Young Jaina Award 2002 but I was not sure that I would be receiving the award this year also. My desire was only to be a part of the program.

## Feeling of Awardees

- मैं M.B.B.S. कर रही हूँ और कई मौके ऐसे आते हैं जब मैं अपने नियमों में शिथिलता महसूस करती हूँ परन्तु जब से मैंने इस सम्मान समारोह में मुनिश्री के प्रवचन सुने हैं मुझे गर्व हो रहा है कि मैं अभी तक जिस तरह दृढ़ता से नियमों का पालन कर रही हूँ आगे भी करती रहूँगी। मेरे नियमों में दृढ़ता और उत्साह मुनिश्री के प्रवचनों से और भव्य-समारोह में सम्मान पाने से और अधिक बढ़ गया है।

- केवलं संयोगवशात् अत्र भवत: सम्भाषणं भाषणं प्रवचनं वा श्रुतम्। परं संतोष: जात:। मम भवत: प्रयत्नानि दृष्ट्वा छात्राणामुज्ज्वल भविष्यार्थम् तस्य कृते हार्दिका: धन्यवाद:। तथा च अत्र एतादृशी व्यवस्था जायते खलु यां दृष्ट्वा मुखेन केवलं एवं प्रस्फुटति 'योजक स्तत्र दुर्लभ:' इति।

- जिसे जितनी आशा थी उससे कई गुना ज्यादा सम्मान प्राप्त हुआ। इस सम्मान समारोह से मुझे यह प्रेरणा मिली कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति करने से हर जगह सम्मान मिलता है लेकिन साथ में व्यवहार भी अच्छा हो, संस्कार भी अच्छे हों तभी यह सब संभव हो पाता है।

- मैंने इस समारोह में आकर यह जाना कि मेरा अपने धर्म के प्रति क्या कर्त्तव्य है। अभी तक तो न ही मैं प्रतिदिन मन्दिर जाता था और न ही धार्मिक क्रियाओं के लिए मैं समय दे पाता था लेकिन इस समारोह में सम्मिलित होने के बाद मैंने संकल्प कर लिया है कि आने वाले समय में मैं अपनी इन कमियों को अवश्य दूर करूँगा। मुनिश्री को आहार देने का जो सौभाग्य मुझे मिला है उसे सदा स्मरण में रखूँगा। यहाँ आने से पहले मैंने अपने जीवन में कभी किसी मुनि को आहार नहीं दिया था।

- मुनिश्री हम आपका स्मरण करते हुए यह नियम लेते हैं कि हम प्रतिदिन मन्दिर जाएँगे और जहाँ तक बन सकेगा रात्रि-भोजन नहीं करेंगे। इस 'अवार्ड' में आने से हमें मात्र शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि अन्य सभी क्षेत्रों के विषय में भी ज्ञान प्राप्त हुआ, प्रेरणा मिली। हमारी धर्म के प्रति आस्था और भी अधिक बढ़ गई है।

- मुझे यह देखकर सुखद आश्चर्य हो रहा है कि हम जैसे जो अवार्डी बच्चे धर्म से विमुख थे और रात में भोजन करते थे वे मुनिश्री के समीप रोज मन्दिर जाने और दिन में भोजन करने का नियम ले रहे हैं। मेरा मानना है कि यह इस समारोह की श्रेष्ठतम उपलब्धि है।

- इस सम्मान समारोह से मैंने बहुत-सी अच्छी बातें सीखीं। मैंने पहली बार मुनिश्री को आहार दिया और उस क्षण मुझे ऐसा लगा कि मेरे अंदर पहली बार धर्म की ज्योति जल उठी है। मुझे यह अहसास हो गया है कि वास्तव में हमें अपनी पढ़ाई के साथ-साथ धर्म में भी रुचि लेनी चाहिए। जैन समाज का इतना बड़ा और अत्यन्त सुव्यवस्थित आयोजन मैंने जीवन में पहली बार देखा। मुझे मुनिश्री से मिलना और कैरियर काउंसलिंग में सम्मिलित होना बहुत अच्छा लगा।

- मुनिश्री की प्रेरणा से प्रतिवर्ष जैनसमाज के नये-नये शिक्षित बच्चों का सम्मान करने का जो अभिनव-प्रयोग मैत्री-समूह कर रही है वह सराहनीय है। इससे हम सभी बच्चों में आगे बढ़ने, अपने कैरियर के प्रति सचेत रहने और धर्म से जुड़े रहने की लगन उत्पन्न हुई है। हम अभी तक मुनिजनों के समीप जाने से डरते थे लेकिन मुनिश्री के द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ जैनिज्म को जोड़कर प्रस्तुत करने की अभिनव शैली से प्रभावित होकर हमारी झिझक समाप्त हो गई है। हमारा धर्म की ओर रुझान बढ़ा है। इसके लिए हम जीवन भर मुनिश्री के ऋणी रहेंगे। इस सम्मान समारोह ने मेरे जीवन की दिशा बदल दी है आज का दिन मेरे जीवन का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ है। मैं मुनिश्री को विश्वास दिलाता हूँ कि जैनिज्म के सहारे आपके बताए अनुसार अपने कैरियर को अच्छा बनाने का प्रयास करूँगा और इतनी मेहनत करूँगा कि अगले दो वर्ष बाद पुनः आपके चरणों में आशीर्वाद पाने तथा सम्मान समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हो।

- मैंने सोचा था कि कोई छोटा-सा समारोह होगा और मेरी पढ़ाई का भी नुकसान होगा इसलिए नहीं जाऊँगा, लेकिन यहाँ आने के बाद मुझे लगा कि यदि मैं इस आयोजन में नहीं आता तो यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी भूल होती। यहाँ आकर मैंने बहुत कुछ पाया। मुनिश्री के दर्शन और प्रवचन से मेरी धर्म में आस्था दोगुनी हो गई। यहाँ जो प्यार, सम्मान और सद्भाव मुझे मिला वह पाकर मेरा हृदय खुशी से भर गया है। यहाँ के लोगों की धर्म में निष्ठा और समर्पण की भावना देखकर मैं भाव-विभोर हो उठा। अपने लिए और अपनों के लिए तो सभी करते हैं पर दूसरों के लिए करनेवाले बहुत विरले हैं। यह सब मुझे जीवनभर याद रहेगा।

- मुझे मुनिश्री से अपने मन की यह बात कहनी है कि मैं अपने जीवन में निरन्तर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेकर यहाँ से जा रही हूँ और निश्चित ही अपने धर्म, समाज और माता-पिता की सेवा के लिए सदा तत्पर रहूँगी।

- नैतिक मूल्यों के पुनर्गठन एवं सुसंस्कारों की बढ़ोतरी के लिए आयोजित 'यंग जैना अवार्ड 2003' में सम्मिलित होकर मैं अपने आपको सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ।

- इस समारोह में आकर हमने सीखा कि हमें किसी भी क्षेत्र में असफल होने पर निराश नहीं होना चाहिए बल्कि प्रसन्नतापूर्वक पूरे आत्मविश्वास के साथ, और अधिक प्रयास करना चाहिए। अपने से अधिक योग्यता प्राप्त करनेवाले व्यक्ति को देखकर ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए अपितु उसकी सफलता से प्रसन्न होना चाहिए और स्वयं उसके जैसे बनने की प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें अपने-आप से जरूरत से ज्यादा अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। जरूरत से ज्यादा भौतिकता में लिप्त नहीं होना चाहिए और पढ़ाई के साथ-साथ अपने धर्म और संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। मैं इन सब बातों को यहाँ से लेकर जा रही हूँ और इन सब बातों को अपने जीवन में उतारने की पूरी कोशिश करूँगी।

- इस समारोह से पूरे देश में जिनधर्म की प्रभावना होगी तथा अहिंसा का प्रचार होगा—ऐसा मेरा सोचना है। यह समारोह सदा होता रहे—यह मेरी भावना है।

- मैं AIEEE की तैयारी कर रही हूँ। आज 5 अक्टूबर, 2003 को मेरा पेपर था जिसे मैं छोड़कर यहाँ आई हूँ। यहाँ मुझे मेरी माँ ने जबरदस्ती भेजा था, लेकिन यहाँ आकर मुझे लगा कि मेरा यहाँ आकर जीवन ही सार्थक हो गया। मुझे अब जरा भी दुःख नहीं है कि मेरा पेपर छूट गया क्योंकि वैसे पेपर तो और भी हो जाएँगे लेकिन इस जैसा कार्यक्रम मेरे जीवन में अब आए न आए। इस कार्यक्रम ने मेरे अशान्त मन को बड़ी शान्ति पहुँचाई है। मुनिश्री के प्रवचन से मुझे जो ज्ञान मिला है वह ज्ञान कितनी भी स्कूल की पढ़ाई और कक्षाएँ अटेण्ड करके नहीं मिल सकता। मुझे लग रहा है कि अगली बार AIEEE की इतनी अच्छी तैयारी करूँ कि मुनिश्री के चरणों में पुनः इस समारोह में आ सकूँ।

- सच पूछा जाए तो यंग जैना अवार्ड जैन बच्चों के लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है। यह सिर्फ एक सम्मान ही नहीं बल्कि बच्चों पर संस्कार डालने का अभिनव और अद्भुत मार्ग है। मन करता है कि मुझे बार-बार इस समारोह में आने का अवसर मिले।

- यह अपने तरह का अनूठा आयोजन है। मैंने मंच पर पुरस्कार लेते समय निश्चय कर लिया है कि मैं अपनी मेहनत से दुबारा इस अवार्ड को प्राप्त करने आऊँगा। मैंने एक बार सपने में देखा था कि मैं एक टेक्नीकल कालेज में पढ़ने गया हूँ। उस कालेज की 'मेस' में वेज और नॉनवेज भोजन साथ-साथ परोसा जाता है। मैंने अपने साथियों और प्रोफेसर्स वगैरह को शाकाहार की सही तर्कसंगत और वैज्ञानिक जानकारी देकर मांसाहार छोड़ने की बात कही जिसके फलस्वरूप नॉनवेज का 'मेस' में आना बंद हो गया। महाराजश्री मैं वादा करता हूँ कि यदि ऐसी स्थिति यथार्थरूप से मेरे जीवन में आयी तो मैं अपने सपने को साकार करूँगा और अहिंसा धर्म का प्रचार करूँगा।

- मैं PMT की तैयारी कर रही हूँ। मुनिश्री का आशीर्वाद चाहती हूँ कि जिस किसी भी परिस्थिति में रहूँ, कितनी भी कठिनाई का अनुभव करूँ, पर मेरा धर्म मेरे साथ रहे। असहायजनों की सहायता कर सकूँ। जरूरतमंदों की हरसंभव मदद कर सकूँ। 'अवार्डीज' शब्द सुनकर मेरा रोम-रोम प्रसन्न हो उठा है। हमारा इतना सम्मान हमें सब कुछ स्वप्न-सा लगा। ये सारे लम्हे मेरे लिए अमूल्य हो गए हैं।

- अपनी भावनाएँ और अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। अपने छोटे से गाँव में रहकर मैंने कभी इस तरह सम्मान पाने की कल्पना भी नहीं की थी। यह मेरे जीवन का सबसे श्रेष्ठ दिन है जिसे मैं जिंदगी भर भूल नहीं पाऊँगी।

- मुझे यहाँ आकर बहुत प्रसन्नता हुई। यहाँ पर इतने सारे लोगों के बीच सच में बहुत आनन्द आया। सारी व्यवस्थाएँ बहुत अच्छी लगीं। जो प्रोग्राम बीच-बीच में रखे गए वे भी बड़े ज्ञानवर्धक रहे। मैं इस समारोह में निखार लाने के लिए एक-दो सुझाव देना चाहूँगी। एक तो यह कि कैरियर काउंसलिंग के लिए अगर उन स्टूडेन्ट्स को बुलाएँ जो रीसेन्टली अपने बी.टेक या एम.बी.बी.एस. कोर्स कम्पलीट कर चुके हैं, तो शायद वे ज्यादा अच्छे से गाइड कर सकते हैं और अच्छी कोचिंग व अच्छी तैयारी के पेटर्न की जानकारी दे सकते हैं। साथ ही उन लोगों को अपनी फील्ड के फ्यूचर प्रोस्पेक्ट के बारे में भी अच्छी जानकारी हो जाती है जिससे वर्तमान में क्या फील्ड अच्छी है इसका आइडिया वे अच्छे से दे सकते हैं। दूसरी बात कि इस बार सिर्फ टेन्थ और ट्वेल्थ के अवार्ड पर ज्यादा ध्यान दिया गया। ट्वेल्थ के साथ जिन्होंने आई.आई.टी. और सी.पी.एम.टी. में प्रथम प्रयास में प्रवेश पाया है उन्हें भी 'स्पेशल अवार्ड' मिलना चाहिए था; क्योंकि शायद ये अचीवमेन्ट, ट्वेल्थ के अच्छे मार्क्स लाने से भी कई गुना बड़ा है, शायद ट्वेल्थ में टॉप करने से भी ज्यादा।

- The two following days here almost changed my way of thinking. The Gods came down and guided all the students in form of Munishree.

  Till now, I never believed in Munies and the same kind of people. But now-after getting true spiritual guidance from Munishree, my life has changed.

- Munishree, I promise you to be a true Jaini. Daily, I go to Mandir before going to College (B.E.) and I will try to eat pure drinking water. The best thing is that I want to be in myself so that no body can be hurt by me. I shall always try to do it.

- Maharajshree! While going from here really my feelings are entirely changed. I promise you that as far as possible I will never eat at night and will go to temple daily. I am sure, by your blessings I will ever be attached to you deeply and to our Jain Dharm also.

- I am very much delighted and happy for comming here to take part in this wonderful program. But my greatest happiness was when, Munishree showered his blessings on us. At that moment my heart was filled with joy, peace and my soul blossomed in to a magnificient flower of wisdom, compassion and love. I need only the blessings of Munishree so that I may be able to light a lamp of virtues for the people who are suffering in silence with the darkness all around them.

- Nothing could be so good for a student who studies too hard and then comes all the way here to witness the awards and gets Munishree's blessings.

- This program gave us a good opportunity to express our noble activities and to know about others comming from different States. I wish that all Jain students who are briliant, may get a chance to spend their golden moments with Munishree.

  We have learnt many things as how to do our studies and how religious belief helps us in our studies. My precious possession is Munishree's blessings and his darshan.

- It is to be noted that Jains are in general categories. There is no platform provided by government to encourage general category students. The platform provided by Munishree is a big opportunity for Jain students as they get encouragement and get knowledge imparted by highly learned scholars to improve their intelligence & wisdom.

- I personally felt as if I was in the function of my own. The hospitality has truely touched my heart. Moreover, who would not crave for such a pleasant, religious as well as pious atmosphere? I felt as if for two days I was in the heaven.
- Now I believe that only Jains can change India into a better country through their ethics and culture. I am so much influenced by this program. Maitree Samooh and mainly "Munishree" that I wish or I promise that I will be there again in the next scheduled program of YJA after passing in PE-I (CA) Examination. I will like to be called as "Senior Awardee" in the next program of YJA. Again, for which I will have to work hard and need Munishree's blessings. What I will always like to be of a follower (devotee) of Munishree.
- I got some of the finest moments of my life which I will remember all through my life. I will try my level best to follow the preachings of Munishree throughout my life.
- This function is excellent. It guides & enriches new talents. The meetings with all the famous personalities who guided us really proved to be worth-while. Their simplicity and helping nature was amazingly surprising.
- I feel this is one of the most prestigeous award. I would like to make a suggestion – there was only one thing missing that was students meetings in which the toppers (both present & past year) should be allowed to speak about their method of learning. This in because they are freshers and achieved success as toppers; so they know the ideas and ways to learn.

## Feeling of Family Member

- कार्यक्रम बहुत ही भव्य लगा। आपस में एक दूसरे का सहयोग, इतनी अच्छी व्यवस्थाएँ सब कुछ अपने जैन होने का गौरव महसूस कराने वाला था। कार्यक्रम में चार चाँद लगाए 'जैन क्विज' ने। जिन बच्चों को कभी जैनधर्म के बारे में इतने सरल ढंग से जानने का अवसर ही नहीं मिलता वे कम से कम इस माध्यम से जैनधर्म के बारे में कुछ अवश्य सीखेंगे। इस अवसर पर मुनिश्री के द्वारा भरवाया गया प्रतिज्ञा-पत्र बहुत ही प्रशंसनीय कार्य था। उससे भौतिक चकाचौंध के इस युग में बच्चों के गलत रास्ते पर जाने में काफी हद तक रोक लगेगी। बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहेगा।

कार्यक्रम को अधिक ऊँचाइयाँ देने की दृष्टि से अपने कुछ सुझाव दे रहा हूँ—

1. मंच पर सम्मान प्राप्त करते समय बच्चों की उपलब्धियों के बारे में पर्याप्त जानकारी दी जाए जिससे अन्य बच्चों को प्रेरणा मिले और बच्चा स्वयं भी गौरवान्वित हो। अधिक संख्या और कम समय होने के कारण यदि यह संभव न हो सके तो अपन इसे दो सत्र में रखने के बारे में भी विचार कर सकते हैं।
2. मंच पर पुरस्कार की सामग्री ले जाने वाले नौवीं कक्षा तक के बच्चे हों जो अपनी स्कूल यूनीफार्म में रहें जिससे उन बच्चों में अभी से इस अवार्ड के बारे में उत्साह जाग्रत होगा और वे स्वत: प्रेरित होकर अधिक मेहनत करने लगेंगे। मेरे बेटे का स्वयं का अनुभव मुझे है। उसने पिछले कार्यक्रम में मन बना लिया था जिसके परिणामस्वरूप मुनिश्री के आशीर्वाद से और अपनी मेहनत व लगन से उसने इस बार अवार्ड प्राप्त किया।
3. मंच पर सम्मान प्राप्त करने वाले बच्चे भी यदि एक निर्धारित यूनीफार्म में आ सकें तो ज्यादा सुंदरता रहेगी।
4. कार्यक्रम में सम्मिलित बच्चों को हल्का भोजन दिया जाए क्योंकि बच्चे बहुत दूर-दूर से सारी रात-रात भर सफर करके आते हैं। उनका डाइजेशन गड़बड़ा जाता है और यदि अपन लोग उन्हें हर समय मेहमान की तरह पूरी-पकवान परोस दें तो उन्हें असुविधा होती है।
5. कार्यक्रम के अन्त में विदा लेते समय सभी अवार्डी बच्चों और उनके अभिभावकों को मुनिश्री के चरण-स्पर्श का अवसर अवश्य मिलना चाहिए क्योंकि जाते समय मुनिश्री का स्नेहिल आशीर्वाद जाने वाले के लिए ऊर्जास्रोत बन जाता है। इस आयोजन में कुछ लोग ऐसे भी आते हैं जो पहली बार मुनिश्री के दर्शन का लाभ प्राप्त करने वाले होते हैं या कुछ लोग साल-भर में एक बार ही मुनिश्री के पास आ पाते हैं। सभी की अभिलाषा मुनिश्री की निकटता और आशीर्वाद पाने की होती है।

हमने ये सारे सुझाव इस कार्यक्रम को अपना मानकर दिए हैं। वैसे सभी ने अपनी पूरी मेहनत से इस समारोह को सफल बनाया है। हम सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा दी गई सेवाओं के लिए सदा ऋणी रहेंगे।

**यंग जैना अवार्ड 2003 में सम्मिलित होने वाले जैन छात्र-छात्राओं ने आयोजन में भाग लेने के उपरान्त अपनी-अपनी अनुभूति व्यक्त की। जिससे इस आयोजन का सही मूल्यांकन करने का अवसर मिला। मैत्री-समूह आयोजन में पधारे सभी छात्र-छात्राओं का आभारी है।**

# Samadhan

❑ **अपनी पढ़ाई में व्यस्त हम बच्चों के लिए अपने दैनिक जीवन में धार्मिक क्रियाओं का समावेश किस तरह करना चाहिए ताकि पढ़ाई और धर्म का संतुलन बना रहे।**

- हमारा धर्म अहिंसा, करुणा, प्रेम और सद्भाव है। अपनी पढ़ाई के साथ हमें अपने धर्म के प्रति आस्था रखते हुए सदाचरण का पालन करना चाहिए। प्रतिदिन णमोकार मंत्र पढ़कर अपनी भावनाओं को निर्मल बनाना चाहिए। यथासंभव रात्रि-भोजन का त्याग करना और जिनदर्शन करना यह भी दैनिक कार्यक्रम में सम्मिलित करें तो अच्छा रहेगा। मानिए, विद्यार्थी जीवन में धर्म 'आटे में नमक' की तरह होना चाहिए। जिस तरह भोजन बनाते समय आटे में नमक की मात्रा भले ही अल्प रहती है परन्तु वह भोजन को स्वादिष्ट बनाती है उसी तरह पढ़ाई के साथ की जाने वाली धार्मिक क्रियाएँ भले ही अल्प हों परन्तु वे जीवन को सही दिशा देने वाली और स्वस्थ व प्रसन्न बनाए रखने वाली होनी चाहिए।

❑ **व्यक्ति के मन में जीवन और जगत को लेकर यह प्रश्न सदा से उठता रहा है कि इसे किसने बनाया, कब और कैसे बनाया और इसकी नियति क्या है? ईश्वर, जीवन और जगत—इन तीनों के बीच सम्बन्ध क्या है? कृपया इसे स्पष्ट करें?**

- भारतीय मनीषियों ने जीवन और जगत को लेकर उठने वाले प्रश्नों के समाधान में अपने अलग-अलग विचार व्यक्त किए हैं। जीवन और जगत की रचना ईश्वर ने की है वही इसकी रक्षा करता है और विनाश भी वही करता है—यह प्रचलित मान्यता है। सच्चाई जानने के लिए हमें जीवन, जगत और ईश्वर के बारे में निष्पक्ष, तर्कसंगत और वैज्ञानिक विचार-पद्धति अपनानी होगी। यदि हम यह मान लें कि जीवन और जगत का निर्माता ईश्वर है तो सहज ही प्रश्न उठता है कि ईश्वर का अस्तित्व कब से है और उसे किसने बनाया? ईश्वर ने जीवन व जगत का निर्माण किस तरह किया और निर्माण के योग्य भौतिक सामग्री कहाँ से आयी? इसके समाधान में यदि यह कहा जाए कि ईश्वर सर्वशक्तिमान है, शाश्वत और सर्वव्यापी है, वह सब कार्य करने में सक्षम है तब प्रश्न उठता है कि जीवन और जगत की विविधता का क्या कारण है? ईश्वर सभी को समान रूप से समृद्ध और सुखी क्यों नहीं बनाता? इसके समाधान में यदि यह कहा जाए कि जीव के भले-बुरे कर्म के अनुसार ईश्वर उसे अच्छा-बुरा फल देता है तब इससे तो कर्म की ही प्रधानता हुई। ईश्वर यदि सर्वशक्तिमान है तो उसे जीव के कर्मों के अनुसार अच्छा-बुरा फल देने की बाध्यता नहीं होनी चाहिए। वह अपनी सामर्थ्य के द्वारा जीव को भला-बुरा जैसा चाहे वैसा फल देवे; पर ऐसा नहीं है।

इससे यह स्पष्ट समझ में आता है कि ईश्वर, जीवन व जगत का निर्माता नहीं है। जीवन और जगत स्वसंचालित और शाश्वत हैं। जगत में जड़ पदार्थ और चेतन आत्माएँ सदा से हैं। जो अपने-अपने गुणधर्म के अनुरूप परिवर्तन करती रहती हैं। जड़-पदार्थ अनेक रूपों में बनते-बिगड़ते और रहे आते हैं। पानी की तीन अवस्थाएँ सर्वविदित हैं वह द्रव, ठोस और गैस तीनों रूपों में परिवर्तनशील हैं उसके इस परिवर्तन में किसी ईश्वर का हाथ नहीं है यह तो पानी का स्वाभाविक गुणधर्म है। इसी तरह प्रत्येक संसारी जीव अपने-अपने कर्मों के अनुरूप मनुष्य, पशुपक्षी, वनस्पति, जीवाणु, देवी-देवता आदि रूपों में जन्म-मरण करता रहता है। जन्म-मरण का यह चक्र तब तक निरन्तर चलता रहता है जब तक जीव अविद्या, अज्ञान व माया से घिरा रहता है। जब कोई जीव आत्मज्ञान प्राप्त करके तपस्या के द्वारा अपने समस्त कर्मों पर विजय पा लेता है और जन्म-मरण से मुक्त हो जाता है तब उसे ही परमात्मा या ईश्वर कहते हैं। परमात्म-अवस्था को प्राप्त करने वाला मुक्त जीव, संसार में किसी को वरदान या अभिशाप नहीं देता और न ही जीवन व जगत को संचालित करता है। वह तो सदा परम-आनन्द में लीन रहता है। जैनदर्शन के अनुसार यही जीवन, जगत और ईश्वर का स्वरूप है।

संसार में अपने कर्म के अनुसार सुख-दुख, संयोग-वियोग और जन्म-मरण का अनुभव करने वाले संसारी जीव, परम-पवित्र परमात्मा का स्मरण, पूजन वन्दन आदि करके उनके समान बनने की प्रेरणा ग्रहण करते हैं और उनके बताए सन्मार्ग पर चलकर स्वयं भी परमात्म-अवस्था को प्राप्त कर लेते हैं। यही ईश्वर के अस्तित्व की महत्ता है।

❑ जैनधर्म में सेवा का क्या स्वरूप है—कृपया स्पष्ट करें।

- सभी जीव सुखी रहें, सभी का कल्याण हो और किसी भी जीव को दुख न हो—ऐसी पवित्र-भावना होना ही सेवा है। भगवान महावीर स्वामी के संदेश—'जियो और जीने दो' में यही सेवा की पवित्र भावना निहित है। किसी प्यासे को पानी पिलाना, द्वार पर आए भूखे को भोजन कराना, दीन-दुखी जीवों को सहारा देना, मीठे बोल बोलकर दूसरे के दुख में सहज सहानुभूति व्यक्त करना, उसके सिर पर हाथ रखकर उसके दुख का बोझ उतार देना और उसे आशीषों का मुकुट पहना देना, स्नेह भरे नेत्रों से निहारकर व्यक्ति को प्रसन्नता की जागीर दे देना—जैनधर्म में वर्णित सेवा ऐसी ही प्रेममयी है जिसमें स्वार्थ व छलकपट के लिए स्थान नहीं है।

सच्ची सेवा वही कर सकता है जिसकी दृष्टि निर्मल व विशद है, सोच सकारात्मक है, हृदय उदार है और आचरण उन्नत है। यदि हम अपना जीवन किफायत से जीते हैं, अनावश्यक संचय नहीं करते, किसी का शोषण नहीं करते, किसी का दिल नहीं दुखाते, दूसरों को अपनी धन-सम्पदा या पद-प्रतिष्ठा के द्वारा आतंकित नहीं करते तो मानिए हम समूची मानव जाति की सच्ची सेवा कर रहे होते थे।

आज यदि व्यक्ति दुखी है तो वह आर्थिक-समृद्धि या भौतिक सुखों के अभाव मात्र से दुखी नहीं है बल्कि वह अपने नैतिक पतन और बुरी आदतों के कारण पीड़ित है इसलिए अभावग्रस्त व्यक्ति को मात्र कंबल, कपड़ा या रोटी दे देना उसकी समस्या का समाधान नहीं है और न ही यह उसकी सच्ची सेवा है। उसे आत्म-निर्भर और सदाचारी बनाने का प्रयत्न करना ही सच्ची सेवा है।

वर्तमान में सेवा का नजरिया तेजी से बदल रहा है। उसमें आने वाली विकृतियाँ स्पष्ट दिखाई देने लगी हैं। व्यक्ति की भौतिक जरूरतों की पूर्ति करके उसे धर्मान्तरण के लिए प्रेरित करना, आजीविका के हिंसक तरीकों से धन कमा कर, उसे दान-पुण्य व सेवा कार्य में लगाना, स्वार्थ और अहंकारवश दान आदि देना यह सब सेवा के पवित्र कार्य में आई विकृतियाँ हैं। श्रद्धा, सद्ज्ञान और सदाचरण के द्वारा अपना और समूची मानव जाति का चरित्र-निर्माण करना और सभी के प्रति सद्भाव रखना सच्ची सेवा है।

**जिज्ञासाओं के समाधान की इस प्रक्रिया को निरन्तर बनाए रखने के लिए जैन छात्र-छात्राएँ ( अवार्डीज ) अपनी जिज्ञासाएँ हम तक प्रेषित करें। आपकी जिज्ञासा का समाधान स्वयं मुनिश्री देंगे। जिसे हम प्रत्येक अंक में क्रमशः प्रकाशित करते रहेंगे। आपकी जिज्ञासा का समाधान अंग्रेजी या हिन्दी किसी एक भाषा में, आपके निर्देशानुसार दिया जा सकेगा।**

अपनी जिज्ञासाएँ निम्नांकित पते पर भेजें -

मैत्री समूह

C/o **एस. एल. जैन,** E-2/161, अरेरा कॉलोनी, भोपाल-462016

# Art of living

Every living being desires happiness and tries to avoid pain and suffering. The question is how these objectives can be achieved. Generally, a person will feel happy if he gets whatever he desires and can avoid everything that he does not like. However, it may not always be possible to have favourable situations. Every situation changes and a person feels miserable when the new situation is not to his liking. Moreover, desires and likes or dislikes of all beings are not identical. It in therefore impossible that everything can happen to every one's taste. It would thus appear that there could not be possibly be a way for making every-one happy.

Fortunately, there is a way. Jain Religion have addressed the subject of universal happiness and have discovered that the way to universal happiness is to wish and act for happiness and well being for all. Lord Mahavir's message of 'Live and let live'.

Everybody desires to live and enjoy the comforts of life. We should not come in the way of anyone else seeking the same. If we properly understand the implication of this message, it will go a long way in moulding our attitude towards other living beings. Consequently, our actions should not disturb the comforts of other living beings, hurt or kill them in any way directly or indirectly. By providing comfort and security to others, we gain happiness during this life and or following lives. On the other hand, if we cause sufferings or unhappiness to others, we acquire unhappiness in this life and future lives. For eternal happiness we need to have following musing :

"Let my attitude be always friendly towards all living beings and let the milk of kindness flow from my heart towards the helpless and the sorrowing. Let my dislike be directed towards wickedness and cruelty and let me be fair even towards those who are cruel and wicked."

"Let my heart be filled with love towards the good and the virtuous and let me get the maximum pleasure by serving them." ❑

## Contacts

1. **Shri Suresh Jain,** I.A.S.
30, Nishat Colony, T.T. Nagar
BHOPAL-462 003 (M.P.)
Tel. : 0755-2555533, 2763077
(O) 94250 10111
E-mail : sureshjain17@hotmail.com

2. **Shri P. L. Benara,** B.E. (Mech.)
1/205, Professors Colony
Hari Parvat
AGRA-282 002 (UP)
Tel. : 0562-2151127
(O) 98370 25087
E-mail : benarabearing@yahoo.co.in

3. **Shri Y. K. Jain,** B.Sc. (Engg.)
Dy. Chief Engineer (W.R.)
A-12, Officers Flats
Western Railways, Churchgate
MUMBAI (Maharashtra)
Tel. : 022-22044670
E-mail : dycsted@wr.railnet.gov.in

4. **Shri S. L. Jain,** B.Sc. Engg.; M.Tech.
E-2/161, Arera Colony
BHOPAL-462 016
Tel. : 0755-5293654, (O) 94250 06804
E-mail : sudjain@yahoo.com

5. **Shri Ashok Jain,** C.A.
2nd Floor, Mahavir Tyres
Infront of Khadi Gramodhyog Bhavan
Jhalawar Road
KOTA-324 007
Tel. : (R) 0744-2422907, 94141 87151, (O) 0744-2366151
E-mail : akjain02@datainfosys.net

6. **Shri Raj Pramod Shah**
2600, Nagorian-ka-Chowk
Gheewalon-ka-Rasta, Johari Bazar
JAIPUR-302 003 (Raj.)
Tel. : 0141-2566098, 5069549

7. **Shri Subhas Chand Jain,** B.Sc. (Engg.)
M/s Anil Industries
BINA-470 113 (M.P.)
Tel. : 07580-222056, 223077

*Chirping Sparrow*

**Oct.-Dec., 2003**

BOOK POST

To,

मैत्री समूह

From :
**MAITREE SAMOOH**
C/o **Shri P. L. Benara,** B.E. (Mech.)
1/205, Professors Colony, Hari Parvat, AGRA-282 002 (UP)
Tel. : 0562-2151127, (O) 98370 25087 • E-mail : benarabearing@yahoo.co.in